RNI NO. - CHHHIN/2011/38292

13 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के

अब 14 वें वर्ष की ओर

पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह

Bharatsamman.com | Bharat samman | Bharat Samman

हो जाओ सावधान



वर्ष-14 अंक-28 | अम्बिकापुर, बुधवार, 08 मई 2024 | कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रू.

# लोकसभा चुनाव 2024: पिछली बार के मुकाबले तीसरे चरण में 93 सीटों पर 2.71 प्रतिशत कम वोटिंग

## लोकसभा चुनाव 2024 के लिए तीसरे फेज की वोटिंग, हर फेज में करीब 3 प्रतिशत गिरा

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए तीसरे फेज की वोटिंग मंगलवार 7 मई को खत्म हो गई। 10 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश की 93 सीटों पर हुई वोटिंग। इस बार मतदान खत्म होने तक इन सभी 93 सीटों पर 64.18 प्रतिशत वोटिंग हुई। पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान इन 93 लोकसभा सीटों पर मतदान प्रतिशत 66.89 प्रतिशत रहा था। इस बार 64.18 प्रतिशत वोटिंग हुई। इसका मतलब है कि इस बार पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान 2.71त्न कम वोटिंग हुई। हर चरण में करीब 3 प्रतिशत कम वोटिंग हुई है। जिन 93 सीटों पर वोटिंग हुई है उनमें 2019 में 66.89त्न मतदान दर्ज किया गया था। सबसे ज्यादा 90.66त्न मतदान असम की धुबरी सीट पर हुआ था। वहीं सबसे कम 54.53त्न मतदान मध्य प्रदेश की भिंड सीट पर हुआ था। जिन सीटों पर आज वोटिंग हुई है वहां 2019 में कैसा ट्रेंड था? राज्यवार कहां कितना मतदान हुआ था?



### पीएम मोदी ने किया अपने मताधिकार का इस्तेमाल

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए आज तीसरे चरण की वोटिंग जारी है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के अहमदाबाद में मतदान किया। इस दौरान उनके साथ गृहमंत्री अमित शाह भी नजर आए। बता दें कि आज गुजरात की 25 सीटों पर मतदान हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज देशवासियों से मतदान की अपील की। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट करके देश को संदेश दिया। उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज्यादा मतदान करके भाजपा उम्मीदवारों को जिताने की अपील भी की।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने परिवार संग किया मतदान



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज अपने गृह ग्राम बगिया के प्राथमिक शाला बूथ क्रमांक 49 में सपरिवार मतदान किया। मतदान के लिए श्री साय, मां जसमनी साय, पत्नी कौशल्या साय, बेटा तोशेंद्र साय, बेटी स्मृति साय, बहु राजकुमारी साय सहित पूरे परिवार ने लाइन में लगकर अपने बारी का इंतजार किया और मतदान किया।

### राज्यों में कहां कितने प्रतिशत हुई वोटिंग

| राज्य | 2019 का वोटिंग पर्सेंटेज | 2024 का वोटिंग पर्सेंटेज |
|---|---|---|
| असम | 85.15 | 81.06 |
| दमन दीव, | 77.05 | 69.47 |
| छत्तीसगढ़ | 70.87 | 71.03 |
| गुजरात | 64.51 | 58.71 |
| बिहार | 61.26 | 58.18 |
| नार्थ गोवा | 75.14 | 76.54 |
| कर्नाटक | 68.65 | 70.41 |
| मध्य प्रदेश | 66.71 | 66.05 |
| महाराष्ट्र | 63.87 | 61.44 |
| उत्तर प्रदेश | 60.01 | 57.34 |
| पश्चिम बंगाल | 81.69 | 74.82 |

### पिछले लोकसभा चुनाव के किस चरण में कितनी वोटिंग

| फेज | 2019 में वोटिंग | 2024 में वोटिंग प्रतिशत |
|---|---|---|
| पहला फेज | 69.96 | 66.14 |
| दूसरा फेज | 70.09 | 66.71 |
| तीसरा फेज | 66.89 | 64.18 |

## हाईकोर्ट के न्यायाधीशों ने भी परिवार के साथ किया मतदान






**बिलासपुर।** लोकसभा के तीसरे चरण के चुनाव में न्यायपालिका से जुड़े लोग भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं. इस कड़ी में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के विद्वान न्यायाधीशों ने भी सपरिवार मतदान किया। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के जस्टिस राकेश मोहन पांडेय ने सपरिवार बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 38 गुरु तेग बहादुर स्कूल 27 खोली में मतदान किया. मतदान के बाद जस्टिस पांडेय ने फोटो शेयर किया. छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के सीनियर जस्टिस गौतम भादुड़ी ने भी सपत्नीक बिलासपुर विधानसभा के मतदान केंद्र क्रमांक 71 शासकीय जमुना प्रसाद वर्मा कॉलेज में मतदान किया। उच्च न्यायालय के जस्टिस संजय के. अग्रवाल ने पत्नी और बेटे के साथ बेलतरा विधानसभा के मतदान केंद्र क्रमांक 170 साइंस कॉलेज सरकंडा में मतदान किया। उच्च न्यायालय के जस्टिस पार्थ प्रतीम साहू ने परिवार के साथ बिलासपुर विधानसभा के मतदान केंद्र क्रमांक 37 कोल इंडिया कार्यालय 27 खोली में मतदान किया.

### छत्तीसगढ़ का सबसे छोटा मतदान केंद्र, जहां 9 बजे ही हो गया 100 फीसदी मतदान, मतदाताओं की संख्या जानकर रह जाएंगे हैरान

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 11 राज्यों की 93 सीटों में वोटिंग जारी है. इनमें छत्तीसगढ़ की 7 लोकसभा सीट रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, दुर्ग, रायगढ़, सरगुजा और जांजगीर-चांपा में भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे है. तीसरे चरण के मतदान के लिए प्रदेश में 15 हजार 701 मतदान केंद्र बनाए गए है. जिनमे देश का दूसरा और छत्तीसगढ़ का सबसे छोटा मतदान केंद्र शेराडांड एक बार फिर चर्चा में है. बता दें कि कोरिया जिला मुख्यालय से 120 किमी दूर भरतपुर-सोनहत विधानसभा में स्थित इस मतदान केंद्र में सिर्फ 5 वोटर्स है, यहां चुनाव प्रक्रिया पूरी करने के लिए आयोग ने 7 सदस्यों की टीम भेजी थी. सभी मतदान केंद्र की तरह यहां भी सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान का समय था. लेकिन यहां सुबह 9 बजे ही शत प्रतिशत मतदान हो गया. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने लोकतंत्र में अपनी शत प्रतिशत हिस्सेदारी देने के लिए सभी मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## प्रदेश के प्रथम नागरिक के साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, मंत्री नेताम ने किया मतदान

रायपुर। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में आम नागरिकों के साथ-साथ जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों ने अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग किया. इस दौरान तमाम जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।



प्रदेश के प्रथम नागरिक राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन ने रायपुर के सिविल लाइन के सिहावा भवन स्थित मतदान केंद्र में मतदान किया. इसके साथ ही उन्होंने लोगों से घर से निकलकर मतदान करते हुए अपनी सरकार चुनने का आग्रह किया.




पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सपरिवार दुर्ग जिला स्थित अपने गृह ग्राम कुरूदडीह में मतदान किया.



कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने अपने बलरामपुर जिला स्थित गृह ग्राम सानवाल में अपनी पत्नी पुष्पा नेताम और पुत्री निशा नेताम के साथ मतदान किया. इस दौरान उन्होंने लोकतंत्र का महापर्व पर सभी को अपने मतों का प्रयोग करने की अपील की.

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने डाला वोट



**रायपुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने आज सुबह रायपुर के धरमपुरा पूर्व माध्यमिक शाला स्थित मतदान केंद्र में मतदान किया. उन्होंने और उनकी मां अनिता बाबासाहेब कंगाले ने आम मतदाताओं की तरह लाइन में लगकर मतदान किया. वे मतदान शुरू होने के 15 मिनट पूर्व ही अपने मतदान केंद्र पहुंच गई थीं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने मतदान केंद्र में मतदाताओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा भी लिया. धरमपुरा पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में दो मतदान केंद्र बनाए गए हैं.

### रायपुर संभागायुक्त डॉ. अलंग ने किया मतदान




रायपुर संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग ने भी आज सपत्नीक पुरैना मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान किया. उन्होंने पुरैना प्राथमिक शाला भवन में स्थापित मतदान केंद्र में सुबह सबसे पहले पहुंच अपने मताधिकार का प्रयोग किया. मतदान के बाद डॉ अलंग ने पत्नी सुमिता अलंग के साथ सेल्फीजोन में फोटो भी ली. इस दौरान उन्होंने सभी मतदाताओं से मतदान की अपील की.

## संपादकीय

### भारत के लिए चुनौतीपूर्ण

हिन्द महासागर में शक्ति संतुलन बनाए रखने के लिए बीजिंग और नई दिल्ली, दोनों मालदीव को अपने प्रभाव क्षेत्र में रखने के लिए कृतसंकल्पित रहे हैं। इसका असर मालदीव की घरेलू राजनीति पर भी देखने को मिल रहा है। भारतीय उपमहाद्वीप के दक्षिण पश्चिम में स्थित इस द्वीपीय देश में मुइज्जू के राजनीतिक उभार से भारत की समस्याएं बढ़ रही हैं। दरअसल, मुइज्जू भारत की मालदीव में उपस्थिति को अनियंत्रित बता कर देश की सत्ता के शीर्ष पर आए हैं, और भारत विरोध की नीति के सहारे देश की संसद में पूर्ण बहुमत हासिल करने में कामयाब हो गए हैं। लेकिन अब मुइज्जू ने जिस प्रकार देश की संसद में भी बंपर बहुमत हासिल किया है, उससे लगता है कि उनके भारत विरोध और चीन परस्त नीतियों को जनता ने पसंद किया है। ऐसे में यह विचार लाजिमी है कि आखिर, मालदीव की जनता भारत जैसे विसनीय मित्र के खिलाफ जाकर चीन की कुटिल कर्जनीति में क्यों उलझना चाहती है, और इसके दूरगामी परिणाम भारत के लिए कितने चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं। जनसंख्या की लिहाज से बहुत छोटे इस इस्लाम बाहुल्य देश में पिछले कुछ वर्षो में परंपरावाद को उभारने की कोशिशें राजनीतिक फायदा देने वाली साबित हुई हैं। खाड़ी देशों में रोजगार के लिए जाने वाले मालदीव के हजारों नागरिकों की कथित धार्मिक अभिव्यक्ति को मुइज्जू ने वोट में बदलने में कामयाबी हासिल कर ली है। उन्होंने भारत से ऐतिहासिक जुड़ाव को नजरअंदाज कर बदलती परिस्थितियों में तुर्की, पाकिस्तान और सऊदी अरब की ओर रुख किया। फिलिस्तीन जैसे भावनात्मक मुद्दे को धार्मिक आधार पर उठाया तथा इस्लामिक आदर्शवाद पर आधारित नये मालदीव की परिकल्पना को राजनीतिक आधार पर जनता के सामने रखा। मुइज्जू ने संसद में संविधान में संशोधन के लिए आवश्यक दो तिहाई बहुमत हासिल कर लिया है। अर्थ यह कि वे राजनीतिक संस्थागत दृष्टिकोण से, सब कुछ नियंत्रित कर सकते हैं खासकर न्यायपालिका की शक्तियां भी प्रभावित हो सकती हैं। मालदीव में राजनीतिक उथल-पुथल का इतिहास रहा है। भारत समर्थक राजनीतिक दलों पर अंकुश लगाने के लिए मुइज्जू प्रमुख नेताओं को जेल में डाल सकते हैं। मुइज्जू ने सत्ता में आने के बाद चीन से मजबूत रिश्तों को तरजीह दी। वे अब तक नई दिल्ली नहीं आए हैं, बीजिंग की राजकीय यात्रा पर जाकर निवेश के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर कर चुके हैं। चीन के साथ गैर-घातक हथियारों को मुफ्त में देने के साथ-साथ मालदीव के सुरक्षा बलों को प्रशिक्षित करने के लिए एक सैन्य सहायता समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। भारत और अमेरिका ने पहले मालदीव की सेना को प्रशिक्षित किया था। भारत मालदीव को हिन्द महासागर क्षेत्र में प्रमुख समुद्री भागीदार के रूप में मान्यता देता है। यह द्वीपीय राष्ट्र भौगोलिक दृष्टि से भारत और कुछ प्रमुख अंतरराष्ट्रीय क्षेत्रों पर नजर रखता है। भारत ने हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि मालदीव व्यापार, पर्यटन और शिपिंग के लिए रणनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण है। मालदीव रणनीतिक रूप से लक्षद्वीप द्वीप समूह से केवल सात सौ किलोमीटर और भारत की मुख्य भूमि से बारह सौ किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। मालदीव में चीन का बढ़ता प्रभाव भारत से इसकी निकटता को देखते हुए महत्त्वपूर्ण सुरक्षा चिंताओं को जन्म देता है। हिन्द महासागर क्षेत्र में चीन ने तेजी से सैन्य आधुनिकीकरण किया है, इससे भारत की सामरिक और आर्थिक क्षमताओं के सामने चुनौतियां बढ़ गई हैं। हिन्द महासागर में बीजिंग के बढ़ते प्रभाव और उसकी महत्त्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड पहल में मुइज्जू की दिलचस्पी कम नहीं है। 2023 में मालदीव के राष्ट्रपति पद पर मोहम्मद मुइज्जू के चुने जाने के बाद से क्षेत्र में देश के रिश्ते बदल गए हैं। मालदीव ने चीन के साथ रक्षा समझौतों और बुनियादी ढांचे के सौदों पर हस्ताक्षर किए हैं। चीन के समुद्री अनुसंधान जहाज जियांग यांग होंग को मालदीव के बंदरगाह पर डॉक करने की अनुमति देने से चीन का प्रभाव और भी पुष्ट होता है। जनवरी में जब मुइज्जू ने चीन का दौरा किया था, इसके चौबीस घंटे के बाद चीन के इस जहाज ने अपनी यात्रा की शुरुआत की थी। संभवतः मुइज्जू इसके जरिए भारत को यह संदेश भी दे देना चाहते थे कि वे चीन से रिश्तों को लेकर कोई समझौतावादी रुख नहीं अपनाएंगे। बारह सौ द्वीपों की श्रृंखला से बने मालदीव के अधिकांश द्वीप निर्जन हैं। मालदीव लंबे समय से भारत के प्रभाव क्षेत्र में रहा है। वहां अपनी मौजूदगी बनाए रखने से दिल्ली को हिन्द महासागर के एक प्रमुख हिस्से पर नजर रखने की क्षमता मिलती है। मुइज्जू को देश में चीन के हितों के समर्थक के रूप में देखा जाता है। भारत और चीन, दोनों रणनीतिक रूप से स्थित द्वीपों में अपनी उपस्थिति मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं, जो व्यस्त पूर्व पश्चिम शिपिंग लेन में फैले हुए हैं। चीन, अपनी तेजी से बढ़ती नौसेना के साथ, रणनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण स्थान तक पहुंच तथा भारत को रोकना चाहता है। दिल्ली और बीजिंग, दोनों ने मालदीव को बुनियादी ढांचे और विकास परियोजनाओं के लिए ऋण और अनुदान के रूप में करोड़ों डॉलर दिए हैं। मुइज्जू अब चीन पर निर्भरता बढ़ा रहे हैं, और यह भारत के लिए चुनौतीपूर्ण बन रहा है। भारत को हिन्द महासागर के अहम साझेदार मालदीव के साथ राजनीतिक गतिरोध को दूर करने की कोशिशें करते रहना होगा। आर्थिक और सुरक्षा सहयोग पर ध्यान केंद्रित करने को प्राथमिकता देनी होगी। जापान, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों जैसे प्रमुख सुरक्षा भागीदारों के साथ भी रक्षा सहयोग को मजबूत करना होगा जिससे चीन को इस क्षेत्र में निर्णायक रणनीतिक बढ़त लेने से रोका जा सके। चीन मालदीव जैसे छोटे से देश की भारत पर सैन्य निर्भरता कम करने के लिए उसकी सैन्य क्षमताओं का विकास कर रहा है, इससे मालदीव की सेना मजबूत होगी और इसके राजनीतिक दुरुपयोग की आशंकाएं भी बढ़ सकती हैं। मुइज्जू चीन के उस सामरिक चक्रव्यूह को रचने में मददगार बन रहे हैं, जिसके अनुसार चीन मालदीव में नौसैनिक अड्डा बना कर समुद्री सीमा पर भारत को रणनीतिक रूप से घेर ले जिससे हिमालय की सीमा पर भारत पर सैन्य दबाव बढ़ सके।

# भाजपा में शामिल हुईं राधिका खेड़ा




**नई दिल्ली।** कांग्रेस की प्रवक्ता रहीं राधिका खेड़ा ने भाजपा का दामन थाम लिया है। खेड़ा ने दो दिन पहले कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दिया था। राधिका खेड़ा ने अपने साथ छत्तीसगढ़ में दुर्व्यवहार करने और साजिश रचने का आरोप लगाया था। बीजेपी में शामिल होने के बाद कांग्रेस की पूर्व नेता राधिका खेड़ा ने कहा कि रामभक्त होने के नाते रामलला के दर्शन करने पर कौशल्या माता की धरती पर मेरे साथ दुर्व्यवहार किया गया। खेड़ा ने कहा कि मुझे भाजपा सरकार, मोदी सरकार का संरक्षण नहीं मिला था। आज की कांग्रेस महात्मा गांधी की कांग्रेस नहीं है, यह राम विरोधी, हिंदू विरोधी कांग्रेस है।

इससे पहले राधिका खेड़ा ने कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद कहा था कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस के संचार विभाग के चेयरमैन सुशील आनंद शुक्ला ने अपने दो साथियों के साथ रायपुर के पार्टी ऑफिस में उनके साथ अभद्रता करने की कोशिश की। जब उन्होंने इसके बारे में पार्टी के शीर्ष नेताओं को जानकारी दी, तब आरोपी नेताओं के ऊपर कोई कार्रवाई नहीं की गई। यहां तक कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और जयराम रमेश तक सबको इस आपत्तिजनक घटना के बारे में बताया गया, लेकिन आरोपी नेताओं पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद हताश होकर उन्होंने कांग्रेस पार्टी को अलविदा कह दिया। राधिका खेड़ा ने कहा था कि घटना 30 अप्रैल की है। शाम को लगभग छह बज रहे थे। मैं पार्टी ऑफिस में कुछ काम कर रही थी। उसी समय छत्तीसगढ़ कांग्रेस का प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला अपने दो साथियों नितिन भंसाली और सुरेंद्र वर्मा के साथ कमरे में आया। ये दोनों लोग भी छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रवक्ता हैं। इसके एक साथी ने कमरा पीछे से बंद कर लिया। कमरा किसने बंद किया, यह मैं नहीं देख पाई, लेकिन कमरा बंद होने की आवाज सुनते ही मैंने अपना फोन निकाल लिया और कैमरा चालू कर दिया। मैंने चिल्लाना शुरू कर दिया। इसके बाद बाहर निकलकर मैंने इस घटना की जानकारी सबको दी। लेकिन किसी ने कोई कार्रवाई नहीं की। जब इस घटना के छह दिन बीत जाने के बाद भी ऐसे अपराधियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, मैंने कांग्रेस छोड़ने का फैसला कर लिया।



## बीजेपी जॉइन की डील कितने में हुई हैं ये राधिका खेड़ा बताएं: भूपेश बघेल

छत्तीसगढ़ से लेकर दिल्ली तक राधिका खेड़ा ने जो बखेड़ा खड़ा किया वो थमने का नाम नहीं ले रहा है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने राधिका के पार्टी बदलने पर तंज कसा है। राधिका खेड़ा के बीजेपी जॉइन करने पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि डील तो हुई है और कितने की डील हुई है ये राधिका खेड़ा बताएं। वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस नेताओं को विलुप्त प्रजाति का बता दिया है। जिस पर भूपेश बघेल ने पलटवार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मतदाताओं को श्रद्धांजलि दे रहे हैं, बीजेपी के नेताओं का मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। बता दें कि कुछ दिन पहले कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता रही राधिका खेड़ा के साथ संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला के साथ बहसबाजी हुई थी। जिसके बाद सियासी गलियारे में जमकर बवाल हुआ। उसके बाद पार्टी से इस्तीफा देकर राधिका खेड़ा ने सोमवार को सुशील आनंद शुक्ला समेत कांग्रेस के अन्य नेताओं पर गंभीर आरोप लगाया था। वहीं आज राधिका भाजपा में शामिल हो गई। जिसके बाद राधिका खेड़ा पर भी कई सवाल खड़े किये जा रहे हैं।

## अंतागढ़ टेप कांडः हाईकोर्ट ने मंतूराम पवार की याचिका को किया निराकृत, प्रदेश के कई बड़े नेताओं पर था मामला दर्ज



**बिलासपुर।** अंतागढ़ टेप कांड मामले में हाईकोर्ट ने मंतूराम पवार की याचिका निराकृत कर दी है. मामले की सुनवाई के दौरान शासन की तरफ से पैरवी कर रहे महाधिवक्ता प्रफुल्ल भारत ने कोर्ट को बताया कि इस केस में दर्ज एफआईआर का खारिज खात्मा हो चुका है. केस में बीजेपी के पूर्व मंत्री राजेश मूणत, दिवंगत अजीत जोगी, उनके बेटे अमित जोगी, पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह के दामाद पुनीत गुप्ता, मंतूराम पवार पर धोखाधड़ी और पैसों के प्रलोभन और भ्रष्टाचार अधिनियम की धाराओं के तहत जो मामला पंडरी थाने में दर्ज किया गया था. मामले में जांच पूरी करने के बाद क्लोजर रिपोर्ट भी दाखिल हो चुकी है. मामले में सभी पक्षों को सुनने के बाद जस्टिस रजनी दूबे और जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने याचिका निराकृत कर दी।

बता दें कि साल 2014 में अंतागढ़ विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस ने मंतूराम पवार को प्रत्याशी बनाया था. ऐन वक्त पर उन्होंने नाम वापस लेकर भाजपा प्रत्याशी को वॉक ओवर दे दिया था. इस बीच एक सीडी सामने आई, जिसमें कथित तौर पर तत्कालीन कांग्रेस विधायक अमित जोगी, तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के दामाद डॉ. पुनीत गुप्ता आदि के बीच बातचीत में सात करोड़ रुपये की डील की बात सामने आई. इस मामले में कांग्रेस ने उसी समय एफआईआर दर्ज कराने के लिए पुलिस थाने में शिकायत की, लेकिन मामला दर्ज नहीं किया गया था। इधर वर्ष 2018 में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एसआइटी जांच शुरू करा दी थी. इस मामले में कांग्रेस संगठन ने मुकदमा भी दर्ज कराया था. शिकायत में बताया गया कि कांग्रेस पार्टी को नुकसान पहुंचाने के लिए पूर्व सीएम अजीत जोगी, तत्कालीन मंत्री राजेश मूणत, तत्कालीन विधायक अमित जोगी और लोक सेवक डॉ. पुनीत गुप्ता ने साजिश रची थी. कांग्रेस प्रत्याशी को प्रलोभन देकर नाम वापस कराया, बाद में मंतूराम पवार भाजपा में शामिल हो गए थे. लेकिन राज्य में बीजेपी सरकार आने के बाद अब केस बंद कर दिया गया।

## शाम का बदला मौसम,तेज हवाओं के साथ हुई बारिश

**रायपुर।** प्रदेश में मंगलवार शाम अचानक मौसम ने करवट ली और तेज हवाओं के साथ कई स्थानों पर बारिश हुई। बारिश होने से एक ओर जहां तापमान में गिरावट आई वहीं तेज गर्मी से भी लोगों को राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार एक सिस्टम दक्षिण झारखंड और आसपास के क्षेत्रों में स्थित है। इसके अलावा दक्षिण झारखंड के उपर पश्चिमी मध्यप्रदेश तक एक सिस्टम फैला है। साथ ही पूर्वी विदर्भ से कर्नाटक होते हुए दक्षिण तमिलनाड़ु तक चक्रवाती सिस्टम बना है। जिसकी वजह से प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ बारिश हो रही है। बता दें कि मंगलवार की शाम लगभग पांच बजे से मौसम अचानक बदल गया और बदली के साथ तेज हवाएं चलने लगी तथा शाम 6 बजे तक कई स्थानो में बुंदाबांदी तो कई जगहों पर तेज बारिश हुई। रायपुर,दुर्ग,बिलासपुर,सरगुजा तथा कोरबा में अच्छी बारिश हुई है।



## जुआ-सट्टा के 17 मामलों में 17 आरोपी गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** जिले में अवैध जुआ/सट्टा के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने 17 मामलो मे 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से नगदी सहित हजारों रूपयों की सट्टा पट्टी जब्त किया है। बा दें कि मोहित गर्ग के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक, एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम, एसडीओपी डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया के पर्यवेक्षण में जिले में चलाये जा रहे अवैध जुआ/सट्टा के खिलाफचलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 7.05.2024 को थाना प्रभारियों को सट्टा खाइवालों सहित अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर विशेष अभियान के अंतर्गत पतासाजी कर आवश्यक कार्यवाही करने तथा सट्टा के कारोबार पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके तहत् थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 02 प्रकरण में 02 आरोपी के पास से नगदी रकम 2630 रूपये व 09 नग सट्टा पट्टी जप्त, बसंतपुर पुलिस द्वारा 02 प्रकरण में 02 आरोपी के पास से नगदी रकम 1380 रूपये व 02 नग सट्टा पट्टी जप्त। थाना सोमनी पुलिस द्वारा 02 प्रकरण में 02 आरोपी के पास से नगदी रकम 2230 रूपये जप्त कर 02 नग सट्टा पट्टी जप्त। थाना छुरिया पुलिस द्वारा 01 प्रकरण में 01 आरोपी के पास से नगदी रकम 650 रूपये व 01 नग सट्टा पट्टी जप्त। डोंगरगांव पुलिस द्वारा 02 प्रकरण में 02 आरोपी के पास से नगदी रकम 3940 रूपये व 02 नग सट्टा पट्टी जप्त, डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा 02 प्रकरण में 02 आरोपी के पास नगदी रकम 1430 रूपये व 02 नग सट्टा पट्टी जप्त, घुमका पुलिस द्वारा 02 प्रकरण में 02 आरोपी के पास से नगदी रकम 4000 रूपये व 02 नग सट्टा पट्टी, ओपी चिखली पुलिस द्वारा 02 प्रकरण में 02 आरोपी के पास से नगदी रकम 2075 रूपये व 02 नग सट्टा पट्टी, तुमड़ीबोड़ पुलिस द्वारा 01 प्रकरण में 01 अरोपी के पास से नगदी रकम 450/-रूपये व 01 नग सट्टा पट्टी जप्त, सुकुलदैहान पुलिस द्वारा 01 प्रकरण में 01 आरोपी से नगदी रकम 450/-रूपये जप्त किया गया । इस प्रकार जिले में मंगलवार को कुल 17 प्रकरणों में 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 19255 रूपये नगद एवं लाखों का सटा-पट्टी बरामद कर सभी आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही की गई।

# पोटाश बम से भालू का शिकार करने वाले आरोपी गिरफ्तार

## मध्य भारत के बड़े गिरोह में शामिल होने की आशंका

**गरियाबंद।** उदंती सीता नदी अभ्यारण्य इलाके में पोटाश बम से भालू का शिकार करने वाले 2 आरोपियों को 25 दिनों बाद एंटी पोचिंग टीम ने ओडिशा बॉर्डर कालीमाटी से गिरफ्तार किया. ये आरोपी मध्यप्रदेश के शिकारी से बम खरीदकर भालू का शिकार करते थे. इस कार्रवाई में गरियाबंद पुलिस साइबर सेल का अहम योगदान रहा. आरोपियों का मध्य भारत में सक्रिय बड़े गिरोह में शामिल होने की आशंका जताई जा रही है।



### 2020 में भी बच निकला था मध्यप्रदेश का शिकारी

सोमवार को गोपनीय सूचना से खबर मिली कि इंदागांव (धुरवागुड़ी) बफर परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 1243 पहाड़ी के नीचे पोटाश बम से भालू का शिकार किया गया है. इसके बाद सुधीर अग्रवाल प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) रायपुर छत्तीसगढ़, विश्वेश कुमार झा मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी), क्षेत्र संचालक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व रायपुर एवं वरुण जैन, उपनिदेशक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद के मार्गदर्शन में आरोपी हजारी पिता तुलसीराम एवं उत्तम पिता खगेश्वर को एन्टी पोचिंग टीम ने गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए कार्यालय सहायक संचालक उदंती (मैनपुर) लाया. दोनों आरोपियों ने पोटाश बम से भालू का शिकार करने की बात कही।

### पोटाश बम से 6 सुअरों का कर चुके हैं शिकार

आरोपियों ने बताया, एक साल पहले कटनी मध्यप्रदेश से आए शिकारी समुदाय के व्यक्ति से 500 रुपए में 1 पोटाश बम का क्रय किया. आरोपी हजारी ने आरोपी उत्तम के साथ मिलकर पोटाश बम से पांच से छः सुअर का शिकार किए हैं और सुअर के मटन को पांच सौ रुपए प्रति किलो के हिसाब से बिक्री किया और मध्यप्रदेश के शिकारी से पोटाश बम खरीदकर 8 अप्रैल को भालू का शिकार किया. दोनों आरोपियों के विरुध्द मामला दर्ज कर भुपेन्द्र कुमार सोनी वनपाल सहायक परिक्षेत्र अधिकारी इंदागांव ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। आरोपियों के घर से पहले ही भालू का चमड़ा एवं 1 नाखून, जंगली सूअर का जबड़ा एवं 3 दांत, गोहिया (मॉनिटर लिजार्ड) का चमड़ा एवं फंदे बरामद किया जा चुका है. इस कार्रवाई में एन्टी पोचिंग टीम सुशील सागर परिक्षेत्र अधिकारी इंदागांव (धुरवागुड़ी) बफर, गरियाबंद पुलिस साइबर सेल प्रभारी सतीश यादव, वनरक्षक डोमार कश्यप, ओम प्रकाश राव, फलेश्वर दीवान, विरेन्द्र ध्रुव, भुपेन्द्र भेड़िया,, यज्ञ मालती यादव एवं इंदागांव (धुरवागुड़ी) स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।

# मतदान करने आए बुजुर्ग की मौत

**जशपुर-रायपुर।** प्रदेश की 7 लोकसभा सीट पर चुनाव चल रहा है। शाम 6 बजे तक वोट डाले जायेंगे। मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री, प्रत्याशी, अधिकार और सेलेब्रेटी ने भी मतदान किया है। चुनाव के इस पर्व के बीच जशपुर से एक बुरी खबर आयी है। मतदान करने पहुंचें बुजुर्ग मतदाता की मतदान केंद्र में मौत हो गयी। जशपुर के लोदाम जमटोली मतदान केंद्र की लोकसभा चुनाव का मतदान करने के लिए एक वृद्ध पहुंचे थे। बुजुर्ग मतदाता का नाम तारासियुश टोप्पो था। 71 वर्ष के तारासियुश जमटोली मतदान केंद्र पहुंचे, इसी दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गयी और फिर कुछ देर में ही उनकी जान चली गयी।



# मालगाड़ी हुई बेपटरी, छह घंटे कोयला परिवहन रहा बाधित

**कोरबा।** जूनाडीह साइडिंग से गेवरारोड रेलवे स्टेशन के मध्य एक कोयला लोड मालगाड़ी बेपटरी हो गई। घटना के बाद रेलवे व एसईसीएल प्रबंधन में हड़कंप मच गया। इससे छह घंटे रेल लाइन पर कोयला परिवहन बाधित रहा। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को जुनाडीह साइडिंग से मालगाड़ी के वैगनों में कोयला ढलान के बाद गाड़ी को आगे बढ़ाया गया। गेवरारोड रेलवे स्टेशन से पहले मालगाड़ी आगे चलकर दो वैगनों का पहिए पटरी से उतर गए। कुछ दूरी पर जाने के बाद लोको पायलट को कुछ अनहोनी महसूस किया, तब मालगाड़ी रोकी। तब तक बेपटरी मालगाड़ी लगभग 100 मीटर दूरी तक घसीटती रही। इसकी वजह से रेल लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलने पर रेलवे व एसईसीएल के अफसर के साथ ही इंजीनियरिंग समेत अन्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे। तदुपरांत मेंटेनेंस का काम शुरू हुआ। इसके बाद रेल लाइन में सुधार का कार्य शुरू किया गया। कर्मचारियों की काफी मशक्कत के बाद लगभग छह घंटे के बाद रेल लाइन बहाल की जा सकी। इस दौरान इस रेल लाइन से कोयला परिवहन बाधित रहा। बताया जा रहा है कि दुर्घटना की वजह से तीन से चार रैक कोयला परिहन नहीं हो सका।



# भारी मात्रा में नक्सलियों का असला-बारुद सुरक्षा बलों ने किया जब्त

**जगदलपुर-रायपुर।** राज्य में चल रहे लोकसभा चुनाव के बीच सुरक्षाबलों ने छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर की सीमा पर गढ़चिरौली के जंगल में नक्सलियों द्वारा छिपाया गया भारी मात्रा में बारुद बरामद किया है। इसमें 6 कुकर आईईडी, 6 पाइप बम, जिलेटिन वायर, कॉर्डेक्स वायर समेत अन्य सामान शामिल है। नक्सली किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में थे इसलिए सामानन डंप कर रखा था। लेकिन फोर्स ने नक्सलियों के मंसूबों को नाकाम कर दिया है। दरअसल, पुलिस को सूचना मिली थी कि टिपागढ़ इलाके में नक्सलियों ने भारी मात्रा में बारूद डंप कर रखा है। किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की प्लानिंग है। इसी सूचना के बाद महाराष्ट्र के गढ़चिरौली से पुलिस फोर्स को छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर सर्चिंग के लिए निकाला गया था। मुखबिर के बताए अनुसार जवान मौके पर पहुंचे। पहाड़ में चट्टानों के बीच नक्सलियों के छिपाकर रखे बारूद के जखीरा को बरामद किया गया। इसमें 6 कुकर बमर, पाइप बम समेत अन्य विस्फोटक बरामद किए गए हैं। बताया जा रहा है कि, पुलिस फोर्स ने मौके पर ही सारी आईईडी को ब्लास्ट कर दिया। जवानों ने नक्सलियों के मंसूबों को नाकाम कर दिया है। पुलिस अफसरों ने बताया कि, नक्सलियों के खिलाफ लगातार ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं। इस ऑपरेशन इससे पहले भी इसी इलाके में नक्सलियों के डंप सामान को बरामद किया गया था।



# सड़क दुर्घटना भी नहीं बन सकी मतदान में बाधा, घायल विजय और बसंत ने किया मतदान

### अस्पताल से लेकर गए मतदान केंद्र, वोट डलवाकर दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में फिर करवाया एडमिट

**रायगढ़।** लोकतंत्र के इस महायज्ञ में आहुति डालने से विजय और बसंत बिरहोर को सड़क दुर्घटना भी नही रोक सकी। दरअसल 05 मई को एक दुर्घटना में तमनार ब्लॉक के कचकोबा गांव में रहने वाले विजय के पैर और कमर में चोट थी। जिससे उन्हें चलने-फिरने में तकलीफहै। वहीं बसंत के भी पैर में चोट है। इलाज के लिए दोनों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमनार में भर्ती हैं। आज 07 मई को दोनों ने मतदान की इच्छा जताई तो स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर और स्टाफ उनके मतदाता संगी बन उन्हें मतदान केंद्र तक लेकर गए। बीएमओ डॉ.ए.के.मिंज के नेतृत्व में आरएमए डोल नारायण, आरएचओ लक्ष्मी सारथी व ड्राइवर रोहित के साथ पूरे मेडिकल दल की निगरानी में विजय और बसंत बिरहोर दोनों मतदान करने पहुंचे, जहां दोनों ने वोट डाला। जिसके पश्चात उन्हें सकुशल वापस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमनार में आगे के इलाज के लिए एडमिट कराया गया।






आमजन, गरीब-मज़लूमों पर होने वाले अत्याचार के विरुद्ध क्रांतिकारी पत्रकारिता का नाम है भारत सम्मान, जब शासन-सत्ता में बैठे ऐसे लोग जो पद-पावर के नशे में चूर होकर करते हैं अपने कर्तव्यपालन में चूक तो भारत सम्मान करता है उन्हें दुरुस्त...

2011 से भारत सम्मान आगे बढ़ रहा है और मिसाल क़ायम कर रहा है ईमानदार पत्रकारिता की..

भारत सम्मान दैनिक समाचार पत्र के साथ-साथ वेबसाईट - www.bharatsamman.com, फेसबुक पेज - Bharat Samman व यू-ट्यूब - Bharat Samman News के माध्यम से जनहित के खबरों को प्राथमिकता देते हैं। हमारा दावा है यदि आप पर ज़ुल्म हुआ है, आप न्याय के लिए कर रहे हैं संघर्ष तो केवल एक ही नाम आपको याद होना चाहिए...

**भारत सम्मान**

**इसी क्रांतिकारी मुहिम से निम्न जगहों पर जुड़ने के लिए सम्पर्क करें**

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, उत्तर प्रदेश, उतराखण्ड, बिहार, बंगाल व देश के सभी राज्यों में ब्यूरो व संवाददाता बनने संपर्क कर सकते हैं।

**इन पदों में होंगे नियुक्त...**

1 - राज्य ब्यूरो प्रमुख
2 - राज्य अपराध ब्यूरो प्रमुख
3 - जिला ब्यूरो प्रमुख
4 - जिला अपराध ब्यूरो प्रमुख
5 - तहसील संवाददाता
6 - तहसील अपराध संवाददाता

अपना फोटो लगा बायोडाटा हमारी ई-मेल आईडी bharatsammannews@gmail.com या व्हाट्सएप No. 09303890212 पर भेजे।

**नोट**

1. केवल ईमानदार लोग ही संपर्क करें, पत्रकारिता के नाम पर वसूली करने अथवा ब्लैकमेल करने वालों से हमारा कोई वास्ता नहीं
2. यहां नौकरी नहीं दी जाती है, यदि हमारे संस्था के नाम का गलत इस्तेमाल करता है, तो हमारे द्वारा जारी नंबर पर शिकायत जरूर करें।

प्रसार/प्रबंध
सम्पादक
भारत सम्मान न्यूज नेटवर्क
094242 62547
09303890212

# उद्योग मंत्री लखनलाल और राजेश मूणत ने किया मतदान, विकास उपाध्याय के वायरल मैसेज का किया पलटवार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आज 7 मई लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान जारी है। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कोरबा के कोहड़िया स्कूल में और रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने रायपुर के चौबे कॉलोनी में अपने-अपने परिवार के साथ मतदान किया। इस दौरान मंत्री लखनलाल ने सरोज पाण्डे की प्रचंड जीत का दावा किया, तो रायपुर विधायक ने कांग्रेस नेता विकास उपाध्याय के वायरल मैसेज का जमकर पलटवार किया है।

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने वोट देने के बाद सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का सदुपयोग करते हुए सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध भारत की नींव रखने की अपील की है। उन्होंने कहा- एक ऐसी सरकार का चयन करें जो देश के विकास, सीमा की सुरक्षा, हमारी विरासतों के संरक्षण और राष्ट्रहित में दृढ़ निर्णय लेने की क्षमता रखती हो। आपका प्रत्येक वोट विकसित भारत की दिशा में एक मजबूत कदम होगा।

### प्रचंड वोटों से जीतेगी सरोज पाण्डेय: मंत्री लखनलाल

उन्होंने आगे कहा- इस अवसर पर उन्होंने कहा की कोरबा लोकसभा में भाजपा के पक्ष में जबरदस्त माहौल है। कोरबा विधानसभा में भाजपा की सबसे बड़ी लीड रहेगी। सरोज पांडेय प्रचंड वोटो से जीत दर्ज़ करने जा रही हैं। प्रदेश की जनता मोदी जी के गारंटी और विष्णुदेव के सुशासन पर मुहर लगाने जा रही है। वहीं विधायक राजेश मूणत ने इस मौके पर कहा- इस बार फिर कमल खिलेगा। सभी का बटन कमल पर दबेगा। विकास की गति बढ़ेगी। मोदी जी एक बार फिर






प्रधानमंत्री बनेंगे। लोग अपने घर से निकल रहे हैं, मौसम भी साथ दे रहा है। जनता भी साथ दे रही है।

### विकास उपाध्याय पर मूणत का पलटवार

विकास उपाध्याय के द्वारा वायरल मैसेज को लेकर राजेश मूणत ने कहा कि, कि अगर कोई समाज सेवी संस्थाएं कुछ कर रही हैं। कोई पंडाल लगा रहा है, कोई जूस पिला रहा है, या मान लीजिए कोई कुछ कर रहा है। तो गलत काम कर रहा है क्या ? नेगेटिव थॉट के बारे में पहले 42 से हारे हुए हैं, उससे उभर नहीं पा रहे हैं। यह कांग्रेस प्रत्याशी है, राष्ट्रीय सचिव है, कांग्रेस पार्टी ने उसे अकेला छोड़ दिया है। आश्चर्य लगाता है, जिसके पंडाल में कोई आदमी नही बैठा है, उसके कार्यकर्ता भी नही हैं।

### क्या है विकास उपाध्याय का वायरल मैसेज?

रायपुर से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने बीजेपी और रायपुर कलेक्टर पर आरोप लगाते हुए एक ऑडियो मैसेज जारी किया है, जो काफी ज्यादा वायरल हुई है। विकास उपाध्याय ने इस मैसेज में कहा है कि, बीजपी और जिला कलेक्टर द्वारा बहुत सारे बूथों पर सामाजिक संस्था के आड़ में बहुत सारे बीजेपी कार्यकर्ता बूथ में नींबू पानी और शर्बत बांट रहे हैं और भाजपा प्रत्याशियों को वोट देने के लिए जनता को दिग्भ्रमित कर रहे हैं। जो कि आचार संहिता का उल्लंघन हैं। मेरा आप सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से निवेदन हैं कि जिस भी बूथ में ऐसी स्थिति निर्मित होती हैं, वहाँ सख्त विरोध करिए।

### बीजेपी को 5 लाख पार वोट: विधाक मूणत

वहीं वोट डालने के बाद विधायक मूणत ने कहा- चाय की चर्चा पर आज विराम लग रहा है, शाम तक लोग वोट डालकर चले जाएंगे। 8 तारीख के बाद डेवलपमेंट पर चर्चा करेंगे कि, किस प्रकार से विकसित भारत की ओर बढ़ना चाहिए। जनता ने जिस गारंटी के साथ छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार बनाई है, उसकी प्रगति को आगे बढ़ाने और विकास की गति को आगे बढ़ाने को लेकर चर्चा होगी। इस बार 5 लाख पार वोट बीजेपी में पड़ेंगे।



## विकास उपाध्याय बैठे धरने पर, भाजपा पर आचार संहिता का उल्लंघन करने का लगाया आरोप

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान जारी है। इसी बीच रायपुर में कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय पुरानी बस्ती सरस्वती स्कूल के सामने धरने पर बैठ गए हैं। उन्होंने भाजपा पर वोटिंग बूथों पर सामाजसेवी संस्थाओं की आड़ में प्रत्याशियों का प्रचार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने भाजपा पर आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए कहा कि, मतदान के केंद्र में आँगन बाड़ी कार्यकर्ताओं स्वास्थ कार्यकर्ताओं से बीजेपी का प्रचार प्रसार नींबू शरबत बाटने के बहाने मतदाताओं से बीजेपी को वोट देने की दलाली करवा रहे हैं। विकास उपाध्याय वोटिंग बूथों से सामाजसेवी संस्थानों द्वारा लगाए गए नींबू पानी और अन्य पंडालों को तुरंत हटवाने की मांग को लेकर धरने पर बैठे रहे। हालांकि, रायपुर कलेक्टर की समझाईश के बाद विकास उपाध्याय ने धरना समाप्त कर दिया है।



## रेणु और अमित जोगी ने मोबाइल टॉर्च की रोशनी में किया मतदान

**गौरेला पेण्ड्रा मरवाही।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान जारी है. जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जोगी) की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेणु जोगी और प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने मोबाइल टॉच की रोशनी में मतदान किया। गौरेला के सार बहरा मतदान केंद्र में बिजली गुल होने के कारण मोबाइल टॉच की रोशनी में मतदान कराना पड़ा. इस दौरान अमित जोगी ने कहा, फिलहाल सक्रिय राजनीति से दूर हूं. कुछ समय बाद किसी नतीजे पर कह सकूंगा. वहीं उनकी मां रेणु जोगी ने कहा कि मैं क्षेत्र की बहू हूं. यही की निवासी हूं. मैं यहां के लोगों की सेवा करती रहूंगी.

## लिव इन रिलेशनशिप से हुआ बच्चा, माता-पिता के पास रहने लगी लड़की तो बच्चे के लिए लड़के ने लगाई याचिका, हाईकोर्ट ने किया खारिज

**बिलासपुर।** लिव इन रिलेशनशिप मामले में हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण निर्णय आया है. लिव इन रिलेशनशिप से बच्चा जन्म होने के बाद लड़की माता-पिता के पास रहने लगी. इसके बाद बच्चे के लिए लड़के ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया।

हाईकोर्ट जस्टिस गौतम भादुड़ी व जस्टिस संजय एस अग्रवाल की डीबी ने लिव इन रिलेशनशिप से जन्म लिए बच्चे का संरक्षण प्राप्त करने पेश की गई अपील में कहा कि समाज के कुछ वर्ग में लिव इन रिलेशनशिप का पालन किया जाता है, जो भारतीय संस्कृति में अभी कलंक के रूप में जारी है, क्योंकि लिव इन रिलेशनशिप एक आयातित दर्शन है, जो भारतीय सिद्धान्तों के सामान्य अपेक्षाओं के विपरीत है। विवाहित पुरुष के लिए लिव इन रिलेशनशिप से बाहर निकलना बहुत आसान है. मामले में अदालत इस संकटपूर्ण लिव इन रिलेशनशिप के उत्तरजीवी और इस रिश्ते से पैदा हुए बच्चे की कमजोर स्थिति के प्रति अपनी आंखें बंद नहीं कर सकती है. कोर्ट ने मुस्लिम ला में चार शादी की अनुमति होने के तर्क पर कहा इसके लिए सामान्य नियम है. इसमें पहली



पत्नी से तलाक होना चाहिए और यह मुस्लिम रीति को मानने वालों के बीच होना चाहिए. मामले में दूसरा पक्ष हिन्दू है और उसने अपना धर्म नहीं बदला है. मामले में सुनवाई के बाद कोर्ट ने अपील को खारिज कर दिया है। दरअसल दंतेवाड़ा निवासी शादीशुदा अब्दुल हमीद सिद्दिकी करीब तीन साल से एक हिंदू महिला के साथ लिव इन रिलेशनशिप में था. साल 2021 में महिला ने धर्म परिवर्तन किए बगैर उससे शादी कर ली. पहली पत्नी से उसके तीन बच्चे हैं. हिंदू महिला ने अगस्त 2021 में बच्चे को जन्म दिया. 10 अगस्त 2023 को महिला अपने बच्चे के साथ गायब हो गई. इसके बाद अब्दुल हमीद ने 2023 में ही हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका लगाई, जिस पर सुनवाई के दौरान महिला अपने माता-पिता और बच्चे के साथ पेश हुई।

महिला ने कहा कि वह अपनी इच्छा से अपने माता-पिता के साथ रह रही है. बच्चे से मिलने नहीं देने पर अब्दुल हमीद ने फैमिली कोर्ट में आवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें कहा गया कि वह बच्चे की देखभाल करने में सक्षम है. लिहाजा बच्चा उसे सौंपा जाए. कोर्ट ने आवेदन खारिज कर दिया था. इस पर उसने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी. याचिका में महिला ने तर्क दिया कि लड़का विवाह को साबित करके दिखाए पर वह साबित नहीं कर पाए. इसके बाद उसने बच्चे का संरक्षण प्राप्त करने अपील पेश की थी. पहली पत्नी से 3 बच्चे होने व महिला के अपने बच्चे का पालन पोषण करने में सक्षम होने पर कोर्ट ने अपील खारिज कर दी है।


## जवान ने की ताबड़तोड़ फायरिंग, पहले ढाबा, फिर पेट्रोल पंप उसके बाद घर के बाहर चलाई गोली, एसएसपी ने किया सस्पेंड

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले से सनसनीखेज मामला सामने आया है. एक पुलिस जवान ने देर रात अपनी सर्विस राइफल से कई जगहों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी. जिससे स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है. वहीं इस मामले में एसएसपी अभिषेक पल्लव ने तत्काल एक्शन लिया और जवान को सस्पेंड कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, जवान पहले से ही शादीशुदा है. लेकिन अन्य लड़की के साथ उसका अवैध संबंध था. युवती ने कुछ दिनों पहले ही जवान के खिलाफ 354 का मामला दर्ज कराया था. हालांकि इस मामले में जवान को जमानत मिल चुकी है. युवती जवान से शादी करने का दबाव भी बना रही थी,



इस बात कोलेकर जवान काफी परेशान रहता था. इसी बीच कल देर रात उसने पहले ढाबे पर फिर पेट्रोल पंप में और अपने ही घर के बाहर फायरिंग की है। जवान की ड्यूटी क्रेशचन पेपर की सुरक्षा के लिए स्कूल के बाहर लगाई गई थी. जहां से निकलकर उसने फायरिंग की है. इसके बाद पुलिस ने जवान को गिरफ्तार कर लिया है और इंसास रायफल भी जब्त कर लिया है। इस मामले में कवर्धा एसएसपी अभिषेक पल्लव ने बताया कि मामला संज्ञान में आते ही तत्काल जवान को गिरफ्तार कर लिया गया है. साथ ही सस्पेंड भी कर दिया गया है।

अपना खुद का न्यूज पोर्टल बनवाएं
पूर्ण Registration के साथ
+91 9303890212



स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547